आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311


# अद्भुत समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक
हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 13 अंक : 32 लखनऊ, सोमवार 28 नवम्बर 2022 से 06 दिसम्बर 2022 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक

## डबल इंजन की सरकार करेगी विकास , वैश्विक पर्यटन स्थल बनेगा अयोध्या : योगी


लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या को एक विश्व स्तरीय सुविधाओं से युक्त धार्मिक, वैदिक और आध्यात्मिक नगर के रूप में स्थापित करने का संकल्प दोहराते हुए रविवार को कहा कि भाजपा की ''डबल इंजन'' की सरकार भगवान राम की जन्म स्थली को वैश्विक पर्यटन स्थल के तौर पर विकसित करेगी। मुख्यमंत्री ने अयोध्या में १०५७ करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली ४६ विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। अयोध्याध्लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या को एक विश्व स्तरीय सुविधाओं से युक्त धार्मिक, वैदिक और आध्यात्मिक नगर के रूप में स्थापित करने का संकल्प दोहराते हुए रविवार को कहा कि भाजपा की ''डबल इंजन'' की सरकार भगवान राम की जन्म स्थली को वैश्विक पर्यटन स्थल के तौर पर विकसित करेगी। मुख्यमंत्री ने अयोध्या में १०५७ करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली ४६ विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रूप से तो आगे बढ़ेंगे ही, भौतिक विकास के भी नित नये प्रतिमान स्थापित करेंगे। इस उद्देश्य से आज हम सब यहां उपस्थित हुये हैं। आज भारत दुनिया की एक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है।'' आदित्यनाथ ने इस मौके पर सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सहायता राशियों के चेक के अलावा चाबियां और प्रमाण पत्र भी वितरित किए। उन्होंने कहा



कि अयोध्या मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम की पावन जन्मभूमि है और ५०० वर्षों का इंतजार समाप्त करके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण का कार्य हो रहा है। भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में जल्द ही शांति खुशहाली सौहार्द और जनकल्याण की योजनाएं बनाने वाले शीर्ष २० देशों की सूची में शामिल होगा। मुख्यमंत्री ने प्रबुद्ध जनों से मुखातिब होते हुए कहा कि हम सभी को वर्ष २०४७ तक अपनी इच्छा का भारत बनाने के लिए अयोध्या, उत्तर प्रदेश और भारत के लिए अपनी रणनीति की परिकल्पना करनी होगी। अयोध्या के विकास का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस स्मार्ट सिटी मिशन के तहत अयोध्या की सड़कों को चौड़ा किया जा रहा है, लटकते हुए तारों को दुरुस्त किया जा रहा है और नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा समुचित बस अड्डों की व्यवस्था भी की जा रही है। राज्य की पूर्ववर्ती सरकारों पर प्रहार करते हुए योगी ने कहा कि वर्ष २०१७ से पहले अयोध्या अंधेरे में डूबा रहता था। हालांकि आज यह नगर एलईडी की रोशनी से जगमगा रहा है और बिजली की निर्बाध आपूर्ति की जा रही है। हरिद्वार की हर की पैड़ी की तरह अयोध्या में राम की पैड़ी का विकास किया जा रहा है।'' मुख्यमंत्री ने अयोध्या के रामकथा पार्क में ४१वें रामायण मेले का उद्घाटन भी किया। इसमें श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास, उनके उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास, श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के सभी सदस्य शामिल थे। यह मेला ३० नवम्बर तक चलेगा।

## मुख्यमंत्री योगी ने केजरीवाल पर आतंकवाद, भ्रष्टाचार का समर्थन करने का आरोप लगाया

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेता अरविंद केजरीवाल को एक 'नमूना' करार देते हुए उन पर तथा उनकी पार्टी पर आतंकवाद और भ्रष्टाचार का समर्थन करने का आरोप लगाया। गुजरात के गिर सोमनाथ जिले के सोमनाथ शहर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवारों के लिए एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस पर अपने ''मुस्लिम वोट बैंक'' के कारण अन्य लोगों के धर्मों का सम्मान नहीं करने का भी आरोप लगाया। योगी ने कहा, ''आम आदमी पार्टी (आप) का एक 'नमूना' जो आजकल गुजरात का दौरा कर रहा है, आतंकवाद का सच्चा शुभचिंतक है। उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का भी विरोध किया था। उन्होंने हमारे वीर जवानों से सबूत मांगा था, जब भारतीय सेना ने पाकिस्तान में 'सर्जिकल स्ट्राइक' की थी।'' उन्होंने दावा किया, ''जब पाकिस्तान सरकार खुद स्वीकार कर रही थी कि हमले से उनकी कमर टूट गई है, तो 'आप' सबूत मांगती रही। आतंकवाद और भ्रष्टाचार का समर्थन करना उनके जीन में है।'' उन्होंने कहा, ''क्या आप मानते हैं कि कांग्रेस जम्मू–कश्मीर से अनुच्छेद ३७० हटा देती? क्या राम



मंदिर निर्माण के लिए कांग्रेस या 'आप' सहमति देते। वे (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी जी, भाजपा सरकार और गुजरात थे जो आपके कठिन समय में आपके साथ खड़े थे। उन्होंने आपको कोविड–१६ महामारी के दौरान मुफ्त इलाज, टीके और राशन दिया।'' उन्होंने कहा, ''केवल भाजपा ही ऐसा कर सकती है क्योंकि हम 'सबका साथ, सबका विकास' में विश्वास करते हैं।'' उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रस्ताव का विरोध किया था। उन्होंने कहा, ''अपने मुस्लिम वोट बैंक के कारण, कांग्रेस कभी भी आपके विश्वास का सम्मान नहीं करना चाहती थी। यही कारण है कि कांग्रेस सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के खिलाफ थी।'' उन्होंने कांग्रेस पर ड. बी. आर. आंबेडकर का अपमान करने और उन्हें चुनाव में हराने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया। योगी के उन पर कटाक्ष करने को लेकर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, केजरीवाल ने ट्विटर पर कहा कि लोगों को भाजपा को वोट देना चाहिए, अगर वे अभद्र भाषा, गुंडागर्दी, भ्रष्टाचार और गंदी राजनीति चाहते हैं। केजरीवाल ने कहा, ''और अगर आप स्कूल, अस्पताल, बिजली, पानी के कनेक्शन और सड़क चाहते हैं तो अपना वोट मुझे दें।

## गुजरात में मोदी की चुनावी रैली, महाराष्ट्र में फुटओवर ब्रिज का हिस्सा गिरने से २० घायल

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने २७ नवंबर को गुजरात के खेड़ा में एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया है। इसके अलावा महाराष्ट्र में चंद्रपुर जिले के बल्लारशाह रेलवे स्टेशन पर २७ नवंबर को दिल दहला देने वाला हादसा हो गया है। बल्लारशाह रेलवे स्टेशन पर बने फुटओवर ब्रिज का एक हिस्सा अचानक गिर गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने २७ नवंबर को गुजरात के खेड़ा में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधा और कहा कि गुजरात में लंबे समय तक आतंकवाद का बोलबाला रहा है। सूरत और अहमदाबाद में हुए विस्फोटों में गुजरात के कई बेगुनाह लोगों की मौत हुई। महाराष्ट्र में चंद्रपुर जिले के बल्लारशाह रेलवे स्टेशन पर दिल दहला देने वाला हादसा हो



गया है। बल्लारशाह रेलवे स्टेशन पर बने फुटओवर ब्रिज का एक हिस्सा अचानक गिर गया। हादसे में २० लोगों के घायल होने की सूचना है। ये लोग ६० फीट की ऊंचाई पर बने फुटओवर ब्रिज से नीचे रेलवे ट्रैक पर गिर गए।

## अयोध्या पहुंचे योगी आदित्यनाथ ने किया रामलला दर्शन पूजन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अयोध्या पहुंचकर रामजन्मभूमि परिसर में रामलला का दर्शन– पूजन किया और उनकी आरती की। मुख्यमंत्री ने हनुमानगढ़ी मंदिर में भी पूजा अर्चना की। अयोध्या में विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण और प्रबुद्धजन सम्मेलन में शामिल होने से पहले योगी ने अपने दौरे में रामजन्म भूमि पर चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया और अब तक की प्रगति की जानकारी हासिल की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने टेढ़ी बाजार पहुंचकर विभिन्न निर्माणाधीन स्थलों व मल्टीलेवल पार्किंग का निरीक्षण किया। योगी अयोध्या में एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की ४६ परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

## जेलों में गरीब, अशिक्षित और कमजोर वर्ग के कैदियों की भरमार : मायावती

लखनऊ। बसपा प्रमुख और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा है कि देश की जेलों में गरीब, अशिक्षित एवं कमजोर वर्ग के मामूली अपराधों वाले विचाराधीन कैदियों की भरमार है। इन कैदियों की हालत अधिकतर दयनीय व अमानवीय है जो अपने लोकतांत्रिक देश के लिए दुख व चिन्ता की बात है। इसके निदान के लिए मानवीय दृष्टिकोण व कानून के राज की सही प्रक्रिया व कार्रवाई जरूरी। मायावती ने रविवार को ट्वीट किया कि अब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा 'संविधान दिवस' पर देश के कर्ताधर्ता व नीति निर्धारकों के सामने इस राष्ट्रीय मुद्दे पर चिन्ता व्यक्त करना उचित एवं विचारणीय है। देश विकास की ओर, ऐसे में और जेलों की क्या जरूरत ? उनके इस मूलभूत प्रश्न पर समुचित विचार व कार्रवाई जरूरी है।

# सम्पादकीय

## विशेष प्रयासों की जरूरत

अगले साल भारत दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला देश बन जाएगा। यह अनुमान संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी यूएनएफपीए का है। २०२२ में भारत की आबादी १.४१ अरब तक पहुंच चुकी है। अभी चीन की जनसंख्या १.४३ अरब है। अभी जनसंख्या वृद्धि की जो रफ्तार है, उसके हिसाब से २०५० में भारत की जनसंख्या १.६७ अरब हो जाएगी। लेकिन चीन की आबादी तब १.३२ अरब ही होगी। तो यह अनुमान निराधार नहीं है कि ज्यादा आबादी भूख और गरीबी जैसी चुनौतियों को और गंभीर कर सकती है। इसीलिए बहुत तेजी से जनसंख्या में वृद्धि गरीबी उन्मूलन, भूख और कुपोषण से लड़ाई और शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रसार को और चुनौतीपूर्ण बना देती है। भारत को अभी से इन असली चुनौतियों की तरफ ध्यान देना होगा। विशेषज्ञों ने उचित सलाह दी है कि भारत सरकार विकास को समान और टिकाऊ रूप से सब तक पहुंचाने की योजना बनानी चाहिए। इसके लिए सरकार की आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक नीतियों में सुधार की जरूरत है। सार यह कि आने वाले समय में भारत को बढ़ती और बूढ़ी होती आबादी की जरूरतें पूरी करने के लिए उपाय करने होंगे। इनमें सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाएं और सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था में सुधार जैसी बातें शामिल होंगी। पिछले साल भारत में बुजुर्गों की जनसंख्या १३.८ करोड़ पर थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी विभाग के मुताबिक २०३० तक इस आयुवर्ग में १६.४ करोड़ लोग होंगे। यानी इस उम्र वर्ग की आबादी में ४१ प्रतिशत की वृद्धि होगी। इस तेजी से बूढ़ी होती जनसंख्या के सामने उपेक्षा, अकेलापन और वित्तीय परेशानियों जैसी कई समस्याएं होंगी। शोध दिखाते हैं कि फिलहाल २६.३ प्रतिशत बुजुर्ग आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हैं। २०.३ प्रतिशत बुजुर्ग ऐसे हैं, जो आर्थिक रूप से किसी अन्य पर निर्भर हैं, जबकि ५३.४ फीसदी बुजुर्ग अपने बच्चों पर निर्भर हैं। अभी तो भारत को एक युवा देश कहा जाता है। उसकी ५५ प्रतिशत जनसंख्या ३० या उससे कम वर्ष की है, जबकि एक चौथाई आबादी अभी १५ वर्ष की भी नहीं हुई है। जनसांख्यिकीय अनुपात से मिलने वाले इस लाभ को आर्थिक लाभों में तब्दील करने के लिए विशेष प्रयासों की जरूरत है। सवाल है कि क्या भारत इन चुनौतियों के लिए खुद को तैयार कर पाएगा?

## शादी समारोह में बच्ची से दुष्कर्म

लखनऊ। राजधानी के बंथरा कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत गुरुवार रात दो युवकों ने एक बच्ची का अपहरण कर दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपित बच्ची को छोड़कर वहां से फरार हो गए। दुष्कर्म की जानकारी होने पर बच्ची के परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस सीसीटीवी और शादी समारोह के वीडियो फुटेज खंगाले में जुट गई है। हालांकि पुलिस का कहना है कि बच्ची से दुष्कर्म हुआ है। एक संदिग्ध को उठाया गया है। दोनों के पकड़ने के बाद मामला पूरी तरह से स्पष्ट होगा। बंथरा कोतवाली प्रभारी के मुताबिक, कस्बे का एक पीड़ित परिवार रिश्तेदार की शादी समारोह में शामिल होने आया था। गुरूवार की रात गेस्ट हाउस से दो युवकों ने बच्ची को अगवा कर दुष्कर्म किया। दुष्कर्म की जानकारी होने पर पीड़ित परिवार ने कोतवाली में शिकायत दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की तीन टीम संदिग्धों की तलाश में जुट गई। शादी में आए मेहमानों से भी पूछताछ की जा रही ही है। हालांकि, पुलिस ने शाद में आए मेहमानों की सूची तैयार की है। जिससे घटना में शामिल युवक की पहचान की जा सके। शादी समारोह की वीडियोग्राफी और फोटो शूट से आरोपितों की पहचान कराई जा रही है। बता दें कि इस घटना के बाद बच्ची के परिजन सदमें हैं। पुलिस ने बताया कि परिजन कुछ भी बोलने को तैयार नहीं हैं। आंशका जताई जा रही है कि रेपिस्ट पीड़ित परिवार का करीबी रिश्तेदार है। यही वजह है कि परिवार में परिवारिक तनाव की स्थित बनी हुई है। वहीं कुछ लोगों का कहना है दुष्कर्म करने वाला संदिग्ध का दोस्त है। फिलहरल पुलिस आरोपितों के बारे में जानकारी जुटा रही है। बच्ची का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। रिपोर्ट आने के बाद दुष्कर्म की पुष्टि होगी।



# दवा की कालाबाजारी करने वालों पर सख्त हुए डिप्टी सीएम

लखनऊ। राजधानी में किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में हुई दवा की कालाबाजारी पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने सख्त आदेश जारी किया है। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि मामले में संलिप्त अधिकारी व कर्मचारियों को किसी भी दशा छोड़ा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि केजीएमयू प्रशासन पूरे मामले की जांच एक सप्ताह में पूरी करे। साथ ही विस्तृत रिपोर्ट भेजें। उन्होंने कहा इस मामले में हुई कार्रवाई से भी उन्हें अवगत कराया जाए। गैरतलब है कि स्पेशल टॉस्क फोर्स (एसटीएफ) ने दो दिन पहले केजीएमयू में



हॉस्पिटल रिवाल्विंग फंड (एचआरएफ) से मिलने वाली सस्ती दवा के बाजार में बिक्री होने का खुलासा किया है। इस मामले में केजीएमयू व एसटीएफ जांच कर रही है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने घटना पर चिंता जाहिर की है।उन्होंने कहा कि रोगियों को सस्ती दर पर दवाएं उपलब्ध कराने की कवायद चल रही है। सरकार गरीब मरीजों के हितों के लिए लगातार प्रयास कर रही है। चिकित्सालय के कुछ अधिकारी व कर्मचारियों की वजह से सरकार की मेहनत पर पानी फिर रहा है।

# आयकर विभाग फर्जी भर्ती मामले मे क्राइम ब्रांच की रडार पर बड़े अफसर

लखनऊ। राजधानी पुलिस ने आयकर विभाग की कथित सहायक आयुक्त प्रियंका मिश्रा पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। बेरोजगारों को आयकर विभाग में नौकरी दिलवाने का झांसा देकर दस–दस लाख रुपये वसूलने वाले कथित आयकर अधिकारी प्रियंका मिश्रा के खिलाफ हजरतगंज कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी की है। अब इस मामले की जांच क्राइम ब्रांच को सौंपी गई है। कयास लगाए जा रहे है कि इस खेल में आयकर विभाग के कई अफसर प्रियंका मिश्रा के मददगार है। अब वो अधिकारी क्राइम ब्रांच की रडार पर हैं। क्राइम ब्रांच की टीम प्रियंका मिश्रा को रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी, ताकि इस खेल के पीछे बड़े अफसर बेनकाब हो सकें। इसके अलावा क्राइम ब्रांच की टीम प्रियंका मिश्रा के पति से भी पूछताछ करेगी। राजधानी में आयकर विभाग में फर्जी नियुक्ति के मामले में प्रियंका मिश्रा की गिरफ्तारी के बाद जांच प्रक्रिया तेज हो गई है। पड़ताल के दौरान एक बात सामने आई कि फर्जीवाड़े के खेल में प्रियंका मिश्रा के खाते में सात महीने में करीब ५० लाख रुपये का लेनदेन किया गया है। हालांकि, प्रियंका मिश्रा के परिजनों को भी इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि यह रुपये कहां से और किस मद से आए हैं। इसके बारे में परिजन कोई भी जानकारी नहीं दे पाए हैं। इसके अलाव पुलिस के हाथ कुछ दस्तावेज भी मिले हैं। वहीं जांच एजेंसियां साल २०१८ से अब तक प्रियंका मिश्रा के बैंक खाते का सम्पूर्ण ब्यौरा और इसके पीछे की कहानी से पर्दाफाश करने में जुटी है। प्रियंका मिश्रा स्वंय को आयकर विभाग में डिप्टी कमिश्नर बताती थी। यही नहीं कथित अधिकारी इस बात का भी दावा करती थी कि उसके सम्पर्क में दिल्ली से आयकर विभाग के अधिकारी भी शामिल है। वह किसी को भी आयकर विभाग में नौकरी लगवा सकती है। उसके रूतबे को देखकर कई बेरोजगार ठगी का शिकार हो गए। पड़ताल में पता चला कि प्रियंका मिश्रा ने आयकर विभाग में सविंदकर्मी थी। लिहाजा, उसने बड़े अधिकारियों से करीबी बना ली थी। अधिकारियों के साथ काम करने के तौर–तरीकों को सीखने के साथ–साथ उनके नाम और डिटेल्स की जानकारी हासिल कर ली थी। प्रियंका मिश्रा ने बीटेक किया है। इंजीनियर की नौकरी को छोड़कर जल्द अमीर बनने की चाहत में वह ठगी करने लगी।




# मंडलायुक्त को खनन प्रक्रिया में 'माइन मित्रा,' के लिए मिला नेशनल गोल्ड अवार्ड

लखनऊ। राजधानी में प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग ,भारत सरकार द्वारा डिजिटल परिवर्तन के लिए सरकारी प्रक्रिया पुनरू अभियांत्रिकी में उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय ई–गवर्नेन्स पुरस्कार २०२२(स्वर्ण) उत्तर प्रदेश के भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की निदेशक डा रोशन जैकब को उनके द्वारा खनन प्रक्रिया में 'माइन मित्रा' डिजिटल प्रणाली डेवलप कर लागू करने के लिए प्रदान किया गया है। माता वैष्णोदेवी विश्वविद्यालय, कटरा,जम्मू–कश्मीर में ई–गवर्नेन्स पर दो दिवसीय २५वीं नेशनल कांफ्रेंस अयोजित की गई थी। नेशनल कांफ्रेंस के पहले दिन मंडलायुक्त डॉ.रोशन जैकब व उनकी सहयोगी टीम को इस सम्मान से नवाजा गया। इसके साथ ही पांच लाख रुपये के चेक के साथ एक मोमेन्ट प्रदान किया गया। यह अवार्ड केन्द्रीय राज्यमंत्री डा जितेन्द्र सिंह द्वारा प्रदान किया गया। इस मौके पर विशेष सचिव उत्तर प्रदेश विपिन जैन, संयुक्त निदेशक खनन विभाग एसके सिंह , यूपी डेस्को वीके गुप्ता के अलावा अन्य प्रान्तों के सम्बंधित उच्चाधिकारी शामिल थे।



# संजय सिंह ने राजधानी लखनऊ के नगर निगम को भ्रष्टाचार का अड्डा बताया

लखनऊ। आम आदमी पार्टी की ओर से यूपी प्रभारी व सांसद संजय सिंह ने राजधानी लखनऊ के नगर निगम को भ्रष्टाचार का अड्डा बताया है। उन्होंने कहा निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार के बारे में तथ्यात्मक आंकड़े रखते हुए बताया कि बारिश को गुजरे महीने बीत गए लेकिन नगर निगम अभी तक बारिश का जमा पानी निकाल रहा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि नगर निगम के भ्रष्ट कर्मचारी कागजों पर बाढ़ पंपिंग स्टेशन चलाकर डीजल चोरी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जोन ६ टिकैतराय पंपिंग स्टेशन से ७० लीटर डीजल दिया जा रहा है। सांसद संजय सिंह ने बताया कि २२ गाड़ियों को ३७३ लीटर डीजल एक वाहन में ड्रम में भर कर दे दिया जाता है वह भी एक कच्चे स्लिप के आधार पर।उन्होंने बताया कि नगर निगम में बड़े पैमाने पर तेल चोरी का खेल चल रहा है और इसमें प्रति वर्ष दस करोड़ का घोटाला किया जा रहा है. संजय सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि नगर निगम में पहले इस भ्रष्टाचार को कई बार उजागर



किया जा चुका है लेकिन अधिकारियों और राज्य सरकार के बंदरबांट की वजह से इस में व्याप्त भ्रष्टाचार फल फूल रहा है। आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि नगर निगम में तेल चोरी के मामले में अफसरों ने आज तक ना तो जीपीएस और ना ही व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम चलने दिया जिससे कि पता चल पाता कि तेल चोरी के इस गोरखधंधे में कितने लीटर तेल की खपत हो रही है। आप सांसद संजय सिंह ने कानपुर नगर निगम का उदाहरण देते हुए कहा कि भाजपा जिस गाय को माता मानकर राजनीति करती है उसी के शासनकाल में कानपुर नगर निगम गायों को अवैध रूप से लाकर जंगलों में फेंक रही है जिन्हें कुत्ते नोच कर खा रहे हैं, इस पर सांसद संजय सिंह ने आक्रोशित होकर ट्वीट करते हुए कहा ष्हे राम यह कैसा घोर पाप है' उन्होंने कहा नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए है निकाय चुनाव में आम आदमी पार्टी ने कमर कस ली है और भाजपा शासन में व्याप्त भ्रष्टाचार की समाप्ति के लिए ही आप हर सीट पर चुनाव लड़ेगी. उन्होंने कहा केंद्र से लेकर राज्य तक जिस प्रकार की चोरी और गबन के मामले सामने आ रहे हैं उसको आम आदमी पार्टी ही समाप्त कर सकती है।

# दुखद घटना बेटी की डोली से पहले उठी पिता की अर्थी

लखनऊ। राजधानी के मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह एक दुखद घटना हुई। टिकरा गांव में एक पिता ने आर्थिक तंगी के चलते आत्महत्या कर ली। गांव में जिसने भी घटना के बारे में सुना वह व्यथित हो गया। दरअसल मृतक के घर में आज ही बेटी की बारात आने वाली है। मोहनलालगंज थाना प्रभारी कुलदीप दुबे ने बताया आर्थिक तंगी के चलते गांव में ५२ वर्षीय सुनील द्विवेदी ने आज सुबह भोर में सुसाइड कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया की आज ही मृतक की बेटी की शादी है शाम को बरात आनी है। वहीं गांव वालों ने बताया मृतक सुनील द्विवेदी के ६ बेटियां और एक बेटा हैं। गांव वालों ने बताया सुनील काफी समय से आर्थिक रूप से परेशान चल रहें थे। जैसे–तैसे उसने ३ बेटियों की शादी कर दी थी। उसने घर के पास ही आटा चक्की खोल रखी थी। इससे गुजारा न होने पर वह प्रॉपर्टी डीलिंग का भी काम भी करते थे लेकिन इतनी कमाई नहीं हो पाती थी की परिवार चल सके।



गांव वालों के मुताबिक इधर–उधर से कर्ज लेकर चौथे नंबर की बेटी नव्या द्विवेदी की शादी तय की थी। शादी कानपुर के आकाश पांडेय से होनी है। लेकिन इतनी व्यवस्था नहीं हो सकी की लड़के वालों के मुताबिक वह लेनदेन कर सके, मृतक के एक रिश्तेदार ने बताया की वह लम्बे कर्ज में भी डूबे हुए थे।

# पुलिस ने तीन आरोपी छात्रों को हिरासत में लेकर उस घटनास्थल का मुआयना किया

लखनऊ। गोमती नगर में इंटरमीडिएट के छात्र अंश की हत्या के मामले में पुलिस ने रविवार को तीन आरोपी छात्रों को हिरासत में लेकर उस घटनास्थल का मुआयना किया जहां पर छात्र अंश पर हमला हुआ था। पुलिस ने यहां के आसपास के लोगों के भी बयान दर्ज किए हैं। घटना के आरोप में हिरासत में लिए गए छात्रों से भी पूछताछ की है। बता दें की शनिवार को छात्रों के दो गुटों में हुई मारपीट के बाद लखनऊ पब्लिक स्कूल में पढ़ने वाले इंटरमीडिएट के छात्र अंश की मौत हो गई थी। हालांकि मृतक छात्र अंश की माँ ने एक आरोपी छात्र को आईएएस अधिकारी का बेटा बताते हुए पुलिस पर पक्षपात का आरोप लगाया था। इस बारे में अमृत विचार से बातचीत करते हुए कहा डीसीपी प्राची सिंह ने बताया पक्षपात की कोई बात नहीं



है, मामले से जुड़े हर बिंदु की जांच हो रही है। डीसीपी ने बताया की घटना की एफआईआर दर्ज होने के बाद तीन छात्रों को हिरासत में लेकर रविवार को पूछताछ की गई है। उन्होंने कहा पूछताछ के बाद पुलिस टीम दोपहर में घटना स्थल पर पहुंच कर सभी तथ्यों पर जांच की है, उन्होंने बताया की घटना स्थल के आस पास रह रहे १ दर्जन लोगो के बयान दर्ज किये गये हैं। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए आसपास रह रहें लोगो के घरों से सीसीटीवी फुटेज भी मांगे हैं। पुलिस को उम्मीद हैं की फुटेज के माध्यम से आरोपियों पर कार्रवाई आसान हो जाएगी। वही मृतक छात्र अंश के पिता ने कहा आरोपियों को फांसी से कम सजा स्वीकार नहीं है, वह न्याय के लिए हर संघर्ष करने के लिए कदम उठाएंगे। अंश के पिता शंकराचार्य ने कहा, ष्मैंने अपना होनहार बेटा खो दिया। मेरी तो दुनिया ही उजड़ गई।

# शादी का झांसा देकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के बैरिया थाना क्षेत्र में १६ वर्षीय एक किशोरी को कथित रूप से अगवा कर उसके साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने



बताया कि पुलिस ने अपहृत किशोरी को बरामद करने के साथ ही आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। वरिष्ठ उप निरीक्षक अतुल मिश्र के मुताबिक, मन्नू यादव (२३) नाम के एक युवक ने बैरिया थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी को गत १५ नवंबर को कथित तौर पर अगवा कर लिया था। उन्होंने बताया कि किशोरी की मां की शिकायत पर मन्नू के खिलाफ अपहरण की धारा में नामजद मुकदमा दर्ज किया गया था। मिश्र के अनुसार, किशोरी को दो दिन पहले बरामद कर लिया गया और उसके बयान के आधार पर मुकदमे में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की बलात्कार से संबंधित धारा व यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पक्सो) अधिनियम के सुसंगत प्रावधान में शामिल कर किए गए हैं। मिश्र के मुताबिक, मन्नू ने किशोरी को कथित तौर पर अगवा करने के बाद शादी का झांसा देकर उसके साथ लगातार बलात्कार किया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपी युवक को शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं, पीड़ित किशोरी को मेडिकल जांच के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

# आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में स्वतंत्र पत्रकार गिरफ्तार

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में समाजवादी पार्टी (सपा) के मीडिया सेल के ट्विटर हैंडल से कथित रूप से धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में एक स्वतंत्र पत्रकार को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। हालांकि, सपा ने गिरफ्तार स्वतंत्र पत्रकार का उसके मीडिया सेल से कोई संबंध होने से इनकार किया है। यूट्यूब चौनल चलाने वाले अनिल यादव को शुक्रवार को पत्रकार मनीष पांडे की शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया था। पांडे ने २३ नवंबर को सपा के मीडिया सेल के ट्विटर हैंडल को चलाने वाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हजरतगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। हजरतगंज के अपर पुलिस आयुक्त अरविंद कुमार वर्मा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि यादव सपा के मीडिया सेल के हैंडल से टिप्पणी कर रहा था। उन्होंने कहा कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। संपर्क करने पर, समाजवादी पार्टी के नेताओं ने यादव के पार्टी के साथ किसी भी तरह के संबंध होने से इनकार किया। उन्होंने कहा कि वह एक स्वतंत्र पत्रकार है, जो प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार को बेनकाब कर रहा है। हजरतगंज थाने में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा १५३ ए (धर्म के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना), २९५ ए (धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के उद्देश्य से जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कार्य), ५०४ (जानबूझकर अपमान) ५०५ (अफवाह फैलाने के इरादे से किसी भी मिथ्या कथन का प्रकाशन या प्रसारण) और ५०० (मानहानि) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। शिकायतकर्ता पांडे ने आरोप लगाया कि सपा के मीडिया सेल के ट्विटर हैंडल से गोरक्षनाथ मठ के खिलाफ आपत्तिजनक ट्वीट किया गया था, जिस पर उन्होंने मठ को लेकर इस तरह के पोस्ट न करने का आग्रह किया था, क्योंकि यह करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है। पांडेय ने दावा किया कि इसके बाद सपा के मीडिया सेल के हैंडल से उनके खिलाफ अपमानजनक पोस्ट किए गए। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर की गोरक्षनाथ पीठ के पीठाधीश्वर हैं। सपा के मीडिया सेल के ट्विटर हैंडल से शनिवार को ट्वीट किया गया था, "पत्रकार अनिल यादव अपने यूट्यूब चैनल के माध्यम से भाजपा सरकार में जनता के साथ हो रही ज्यादतियों और अत्याचारों की पोल खोल रहे थे। इससे नाराज होकर भाजपा सरकार ने प्रशासन के माध्यम से अनिल यादव जी को असंवैधानिक रूप से गुंडागर्दी करके गिरफ्तार करवा दिया। शर्मनाक।" एक अन्य ट्वीट में कहा गया था, "अनिल यादव जी की तत्काल रिहाई और ससम्मान घर वापसी हो। भाजपा सरकार लोकतंत्र का गला घोंटने, संविधान का अपमान करने और जनपक्षधारी पत्रकारिता को सत्ता की ताकत से रोकने की कुचेष्टा कर रही है। आजाद आवाज हर नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। संविधान दिवस पर संविधान का अपमान न करे भाजपा।

# चंद्रपुर में हादसा, बल्लारशाह रेलवे स्टेशन पर फुटओवर ब्रिज का हिस्सा गिरा


मुम्बई। महाराष्ट्र में चंद्रपुर जिले के बल्लारशाह रेलवे स्टेशन पर २७ नवंबर को दिल दहला देने वाला हादसा हो गया है। बल्लारशाह रेलवे स्टेशन पर बने फुटओवर ब्रिज का एक हिस्सा अचानक गिर गया। हादसे में २० लोगों के घायल होने की सूचना है। ये लोग ६० फीट की ऊंचाई पर बने फुटओवर ब्रिज से नीचे रेलवे ट्रैक पर गिर गए। इस हादसे में आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है। घायल यात्रियों को अस्पताल ले जाया गया है, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। घटना स्थल पर राहत और बचाव कार्य किया जा रहा है। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम घटना स्थल पर पहुंची है। फंसे हुए यात्रियों को बाहर निकालने के लिए टीम मशक्कत करने में जुटी हुई है। कहा जा रहा है कि जिस समय ये हादसा



हुआ उस समय फुटओवर ब्रिज पर काफी लोग मौजूद थे। राहत की बात है कि खबर लिखे जाने तक किसी यात्री की मृत्यु की जानकारी नहीं मिली है। माना जा रहा है कि ये हादसा उस समय हुआ जब बल्लारशाह रेलवे स्टेशन पर काजीपेट पुणे एक्सप्रेस पकड़ने के लिए कई यात्रियों को एक नंबर प्लेटफॉर्म से चार नंबर प्लेटफर्म पर जाना पड़ा था। इस दौरान यात्री प्लेटफर्म बदलने के लिए फुटओवर ब्रिज का इस्तेमाल कर रहे थे और तभी ये हादसा हो गया। वहीं अब एहतियात के तौर पर हादसे के बाद भगदड़ को रोकने के लिए भी अतिरिक्त टीम को तैनात कर दिया गया है। इससे पहले गुजरात के मोरबी में भी एक पुल हादसा हुआ था। इस हादसे में १४० लोगों की जान गई थी। गुजरात के मोरबी में हैंगिंग ब्रिज पर काफी लोगों के पहुंचने से यहां हादसा हो गया था। ये पुल बीच से टूट गया था।

# तिहाड़ जेल पहुंचा आफताब

नई दिल्ली। श्रद्धा हत्याकांड में आरोपी आफताब को कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में भेजा है, जिसके बाद आरोपी की पहली रात तिहाड़ जेल में बीती है। आफताब को जेल नंबर चार में रखा गया है। सुरक्षा कारणों से आफताब की सेल में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। जेल अधिकारियों ने कहा कि आफताब जेल में बिना किसी टेंशन के घूम रहा है। दरअसल दिल्ली पुलिस का कहना था कि श्रद्धा की हत्या के आरोपी आफताब ने पुलिस को लगातार बरगलाने की कोशिश की है। पुलिस जांच में आफताब सहयोग ना करते हुए जानकारी सही से नहीं दे रहा है। इस कारण उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। वहीं जेल जाने के बाद जेल प्रशासन सतर्क हो गया है। उसकी सुरक्षा के लिए भी जरूरी इंतजाम किए गए है। जानकारी के मुताबिक आफताब की सेल के बाहर एक पुलिसकर्मी तैनात रहेगा, जो आफताब के हर कदम पर नजर रख रहा है। आफताब को खाना देने से पहले उसके खाने की जांच की जाती है, ताकि किसी तरह



की कोई गड़बड़ी ना हो सके। आफताब को तिहाड़ जेल के नियमों के मुताबिक ही सादा खाना दिया गया है। खाने के बाद वो कंबल ओढ़कर आराम से रात भर सोया है। बता दें कि पुलिस ने आफताब को अस्पताल से ही स्पेशल कोर्ट में पेश किया था। माना जा रहा है कि आफताब का नार्को टेस्ट अब सोमवार को कराया जा सकता है। नार्को टेस्ट कराने के लिए पुलिस ने सभी तैयारी कर ली है। नार्को टेस्ट होने से पहले रोहिणी के अंबेडकर अस्पताल में आफताब का मेडिकल टेस्ट हुआ है, जिसमें नार्को टेस्ट करने के लिए जरूरी जांच की गई है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में दक्षिण दिल्ली के महरौली इलाके में अपनी सह जीवन साथी श्रद्धा वालकर की हत्या करने का आरोप आफताब अमीन पूनावाला पर है। आरोपी ने कथित तौर पर २७–वर्षीय श्रद्धा का गला घोंट दिया और उसके शव के ३५ टुकड़े कर दिये, जिसे उसने अपने महरौली स्थित आवास पर लगभग तीन सप्ताह तक ३०० लीटर के फ्रिज में रखा और फिर कई दिनों तक शहर भर में फेंकता रहा था।

# राहुल गांधी की भारत जोड़ी यात्रा रैली के दौरान महू में बिजली गुल

नई दिल्ली। मध्य प्रदेश के महू में कांग्रेस पार्टी की भारत जोड़ी यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी की रैली से कुछ मिनट पहले शनिवार को बिजली गुल हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शहर के बाहरी इलाके में स्थित डॉ बी आर आंबेडकर के स्मारक पर १५ मिनट के अंतराल में दो बार बिजली गुल होने से अंधेरा छा गया। हालांकि, राहुल गांधी के आंबेडकर स्मारक पहुंचने से पहले १५ मिनट के अंदर बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई। महू, मध्य प्रदेश के इंदौर जिले की एक तहसील है। यह भारतीय संविधान के निर्माता डॉ आंबेडकर का जन्म स्थान है। बिजली गुल होने की सूचना चंद सेकेंड में सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। बिजली कटौती के बारे में पूछे जाने पर



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने आरोप लगाया कि 'ब्लैक आउट' राज्य सरकार की साजिश हो सकती है। इस बीच, मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालक अभियंता राजेश महोर ने 'पीटीआई भाषा' को बताया कि तकनीकी खराबी के कारण बिजली गुल हो गई थी। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा ने शनिवार शाम को महू में प्रवेश किया। भाजपा शासित मध्य प्रदेश में गांधी की अगुवाई वाली यात्रा २३ नवंबर को बुरहानपुर जिले में दाखिल हुई थी। कांग्रेस के घोषित कार्यक्रम के मुताबिक, यह यात्रा चार दिसंबर को राजस्थान में दाखिल होने से पहले, १२ दिन के भीतर पश्चिमी मध्यप्रदेश के मालवा–निमाड़ंचल में ३८० किलोमीटर का फासला तय करेगी।

# जनसंख्या नियंत्रण कानून को लेकर आया गिरिराज सिंह का बयान, कहा देश के विकास के लिए विधेयक जरूरी

नई दिल्ली। भाजपा नेता गिरिराज सिंह आमतौर पर अपने बयानों के चलते चर्चा में बने रहते है। अब गिरिराज सिंह ने एक बार फिर से अहम मुद्दे पर बयान देकर सुर्खियां बटोरी है। जनसंख्या नियंत्रण विधेयक को लेकर अब भाजपा नेता गिरिराज सिंह का बड़ा बयान आया है। बढ़ती जनसंख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि भारत के लिए जनसंख्या नियंत्रित करना महत्वपूर्ण है क्योंकि हमारे पास संसाधन सीमित मात्रा में ही है। उन्होंने कहा कि अगर भारत तेजी से विकास करना चाहता है तो ये जरूरी है कि जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाया जाए। दिल्ली के जंतर मंतर पर आयोजित जनसंख्या नियंत्रण रैली के दौरान उन्होंने कहा कि देश में ये कानून नहीं बना तो देश में सामाजिक समरसता और एकता नहीं बचेगी। देश का विकास करने के लिए इस कानून का होना बेहद अहम है। उन्होंने चीन का उदाहरण देते हुए कहा कि वर्ष १६७८ से पहले चीन की जीडीपी भारत से कम थी, मगर आज चीन भारत से विकसित है, क्योंकि यहां वन चाइल्ड पॉलिसी लागू है। उन्होंने कहा कि चीन में एक मिनट में १० बच्चे पैदा होते हैं जबकि भारत में एक मिनट में ३० बच्चे पैदा होते है। अगर हमारे देश की जनसंख्या ऐसे ही तीन गुणा तेजी से बढ़ती रही तो हमारे लिए चीन का मुकाबला करना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि ये एक



महत्वपूर्ण विषय है। ये समझना बेहद जरूरी है कि हमारे पास संसाधन बेहद सीमित है। इनका उपयोग सही दिशा में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस कानून को जनसंख्या बिल देश के सभी धर्म संप्रदायों के लोगों पर लागू होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस विधेयक को लाकर पूरे देश में समान रूप से इसे लागू करना चाहिए। जो भी इस कानून का पालन नहीं करेगा उसे सरकारी योजनाओं का लाभ ना देते हुए बेदखल करना चाहिए। ऐसे लोगों से वोटिंग का अधिकार भी सरकार को छिन लेना चाहिए।

# रेंजर पर मजदूर ने मारपीट कर कमरे में बंद करने का आरोप

लखनऊ। बीकेटी थाना क्षेत्र स्थित वन विभाग के कार्यालय में तैनात रेंजर पर मजदूर ने मारपीट करने के बाद कमरे में बंद करने का आरोप लगाया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दिया है। पुलिस को दी तहरीर में इंद्रजीत ने बताया कि वह वन विभाग कार्यालय में काम करता था।मंगलवार से वह काम पर जाना बंद कर दिया था। शनिवार की शाम रेंजर अनुज सिंह ने उन्हें फोन करके कार्यालय बुलाया और खाना बनाने के लिए कहा। आरोप है कि खाना बनाने से मना करने पर वह आगबबूला होकर गालियां देते हुये लोहे की रांड पिटाई शुरू कर दिया। उधर रेंजर अनुज प्रताप सिंह का कहना है कि युवक को मजदूरी से निकाल दिया गया था। वह पहले भी फर्जी मुकदमें में फसाने की धमकी देता था। थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि शिकायत मिली है पीड़ित का मेडिकल करा कर मामले की जांच की जा रही है।

# नवीन गल्ला मंडी अग्निकांडः नुकसान के आकलन में जुटा प्रशासन

लखनऊ। विधायक डॉ. नीरज बोरा ने जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार के साथ आज सीतापुर




रोड स्थित नवीन गल्ला मंडी में हुए अग्निकांड का जायजा लिया तथा दुकानदारों से फायर सेफ्टी उपकरण लगाने की अपील की। शनिवार की देर रात आग लगने से कई दुकानें क्षतिग्रस्त हुई हैं। फायर ब्रिगेड व प्रशासन की मुस्तैदी और विशेष प्रयासों से आग पर काबू पाया जा सका। इस दौरान नवीन गल्ला मंडी स्थित करीब १७ दुकानें आग की चपेट में आने से क्षतिग्रस्त हुई हैं। गनीमत यह रही कि इस अग्निकांड में कोई हताहत नहीं हुआ है। दुर्घटना में हुए नुकसान को लेकर जिला प्रशासन की टीम नुकसान का आकलन करने में जुटी हुई है।

# अदभुत परम्परा : स्वागत करने की अद्भुत परम्परा

**अमरेन्द्र सहाय अमर**

हमारी दुनिया अजाब गजब रीति रिवाजों से भरी पडी है.दुनिया भर में कई तरह के रीति–रिवाज है. लोग अपने देश की संस्कृति को भली– भांति जानते हैं और उसका पालन भी अपने ही अंदाज में . करते है. भारत में कुछ अलग रिवाज है, तो वहीं विदेश में रहने वाले लोगों की कुछ अलग रीति रिवाज होते हैं.हमारे देश भारत में तो जब घर पर कोई बड़े–बुजुर्ग या मेहमान आते हैं तो उनके स्वागत में सबसे पहले बड़ो को दूर से प्रणाम किया जाता है या उनके पास जाकर उनका चरण स्पर्श किया जाता है. विदेशो में पास जाकर गाल में किस कर उनका स्वागत किया जाता है, या फिर गले मिला जाता है. पहले से चली आ रही नियमों का पालन करते हुए लोग अलग–अलग तरीको से स्वागत करते हैं. लेकिन भारत के पड़ोसी देश तिब्बत में एक अजीबोगरीब परंपरा का पालन किया जाता है, इस बारे में जानकर आप भी हैरान हो जाएंगे और हंसी भी नहीं रोक पाएंगे. तो आइए जानते और समझते हैं इस परंपरा के बारे में भारत में किसी को जीभ दिखाने का मतलब चिढ़ाना होता है. ये काम स्कूली बच्चे अक्सर अपने दोस्तों को चिढ़ाने में करते रहते है. जिससे कई दफा तो आपस में लड़ाई झगडा भी हो जाता है. भारत के पड़ोसी देश तिब्बत में मेहमानों के आने पर उन्हें जीभ दिखाया जाता है, वहां लोग इसे बुरा नहीं बल्कि अच्छी परंपरा मानते हैं. लोग इसे शुभ मानते हैं और जब भी लोग एक–दूसरे से मिलते हैं तब उन्हे जीभ दिखाते हैं. तिब्बती परंपराओं के मुताबिक, यहां के राजा ने ऐसा करके अतिथियों का स्वागत किया था. तभी से ही इस परंपरा को लोगों ने मानना शुरु कर दिया है. एक ऐसी ही परंपरा ग्रीनलैंड में है, जिसके बारे में सुनकर जरूर हैरान होंगे. यहां पर भी अतिथियों के आने परएकदूसरे की नाक रगड़ कर स्वागत किया जाता है. इसके अलावा मेहमानों के आने पर उनकी खुश्बू सूंघी जाती है. लोग एक–दूसरे के गाल और बाल सूंघते हैं. बाल और गाल सूंघना भी उनकी परंपरा का हिस्सा है. केन्या में रहने वाले आदिवासी भी अपने मेहमानों का स्वागत अलग तरीके से करते है. लोग मेहमानों को देखते ही खास तरीके से नाचने लगते हैं. वह एक जैसे नाचते है, उनकी यह परंपरा शुभ मानी जाती है. उनकी नाच में ऊंची छलांग लगाई जाती है. अपने भारत के छत्तीसगढ़ में मैनपाट के माझी जनजाति समुदाय की अनूठी परंपरा चौंकाने वाली है जहां कीचड़ में नाच कर बारातियों का स्वागत करते हैं. मैनपाट की सबसे पुरानी परम्परा है यह . मैनपाट की सबसे पुरातन जनजाति मांझी समुदाय अपने संस्तियों को अभी भी संजोये हुए है, जब भी इस जनजाति में विवाह होता है और बारात आती है तो इस जनजाति के लोग अपने गोत्र अनुसार बारात का स्वागत करते हैं. भैंसा गोत्र के लोग बारात आगमन पर कीचड में लोटते हैं।








# हिंदू महासभा ने शाही ईदगाह में छह दिसंबर को हनुमान चालीसा पाठ का ऐलान किया

मथुरा। अखिल भारत हिन्दू महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष राज्यश्री चौधरी ने शनिवार को श्रीकृष्ण जन्मस्थान पहुंचकर ठाकुर केशव देव के दर्शन किए और मंदिर परिसर में मौजूद शाही ईदगाह में छह दिसंबर को हनुमान चालीसा पाठ किए जाने की घोषणा की। मंदिर परिसर से बाहर मुख्य द्वार पर पत्रकारों से बातचीत में चौधरी ने छह दिसम्बर को मंदिर परिसर में मौजूद शाही ईदगाह (उनके शब्दों में भगवान कृष्ण का वास्तविक जन्म स्थान) में हनुमान चालीसा पाठ किए जाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा, हम अपने एलान पर अडिग हैं और हमने हिन्दू महासभा के तले अपनी सनातन सभ्यता का पुनरुद्धार करने का संकल्प लिया है। इसके बिना यह आजादी अधूरी है। हम तय समय पर हनुमान चालीसा पाठ कर श्रीकृष्ण जन्मभूमि के वातावरण को पवित्र करेंगे और ऐसा कर हम हिन्दू समाज को भगवान ेष्ण का जन्म स्थल शुद्ध रूप में सौंपना चाहते हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, हम पिछले वर्ष भी ऐसा करना चाहते थे मगर जिला प्रशासन ने अनुमति न देकर अड़ंगे लगाने का काम किया। इसीलिए हमने लड्डू गोपाल का जलाभिषेक स्थल मथुरा से बदलकर दिल्ली कर दिया और हमने यह काम तब दिल्ली के जंतर–मंतर पर किया।" उन्होंने कहा, अब महासभा के माध यम से हिन्दुओं में उम्मीद जगी है कि कम से कम हमारे ठाकुर जी को उसका जन्मस्थान तो मिले। सच तो यह है कि यह पूरा परिसर अंग्रेजों के जमाने में हमारे पूर्वजों, यानि हिन्दुओं ने नीलामी में खरीदा था। यहां दूसरे पक्ष का कुछ भी नहीं है। हम लोगों की आशाओं पर खरे उतरने के लिए हनुमान चालीसा पाठ कर रहे हैं। चौधरी मंदिर परिसर में तकरीबन डेढ़ घण्टे रहीं। उन्होंने ईदगाह के निकट जाकर छानबीन की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उन्हें ज्यादा निकट जाने से रोक दिया। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पिछली बार प्रशासन ने उन्हें रोक दिया था, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हो पाएगा। इस सिलसिले में जिलाधि ाकारी एवं पुलिस के वरिष्ठ अधि ाकारियों से उनका पक्ष जानने के लिए उनके सरकारी नंबरों पर प्रयास किया गया, पर उनसे सम्पर्क न हो सका।



## बागपत में बड़ा सड़क हादसा, ट्रैक्टर-ट्राली की भिड़ंत में एक व्यक्ति की मौत, छह अन्य घायल

बागपत। उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के बिनौली थाना क्षेत्र में मेरठ–बड़ौत मार्ग पर शादी समारोह से वापस लौटते समय एक बोलेरो सामने से आ रही ट्रैक्टर–ट्राली से टकरा गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि छह अन्य घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। बिनौली के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) सलीम अहमद ने बताया कि बड़ौत–मेरठ मार्ग पर हिंडन नदी के पास शनिवार रात ईंटों से भरी ट्रैक्टर–ट्राली और बोलेरो कार की आमने सामने की टक्कर में ट्रैक्ट्टर–ट्रली में सवार खिवाई निवासी दिलशाद (३५) की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में दोनों वाहन के चालक समेत कम से कम छह लोग घायल हुए हैं। एसएचओ के मुताबिक, हादसे से मेरठ–बड़ौत मार्ग जाम हो गया, जिसके बाद जेसीबी बुलवाकर क्षतिग्रस्त वाहनों को रास्ते से हटवाया गया और यातायात को बहाल किया गया। उन्होंने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और सभी की हालत स्थिर बताई जा रही है।

## एक्सल टूटने से अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्रॉली खाई में पलटी

बलरामपुर। उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले के तुलसीपुर–पचपेड़वा राष्ट्रीय मार्ग पर टेंट हाउस के सामान से सदी एक ट्रैक्टर ट्रली खाई में पलट गई, जिससे उसमें सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पचपेड़वा थाना प्रभारी (एसएचओ) अवधेश राज सिंह ने बताया कि शनिवार को तीन युवक जब टेंट हाउस का सामान लेकर पचपेड़वा बाजार के पास से गुजर रहे थे, तभी रामनगर कर्बला के पास उनकी ट्रैक्टर ट्रॉली के अगले पहिये का एक्सल टूट गया, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा पलटा। सिंह के मुताबिक, हादसे में मोइनुद्दीन (३०) और भगवानदीन उर्फ नट्टू (२६) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि शमशेर अली (३३) घायल हो गया। उन्होंने बताया कि घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत स्थिर है। एसएचओ ने कहा कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में किया जी२० अध्यक्षता का जिक्र

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने २७ नवंबर को देशवासियों से 'मन की बात' करते हुए जी२० अध्यक्षता के बारे में जिक्र किया। उन्होंने बताया कि देश को जी२० की अध्यक्षता मिली है, जो भारत के लिए बड़ा मौका है। इस बड़े मौके से भारत के देशवासी को किसी न किसी रूप में जरूर जुड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ दिनों पहले ही उन्हें इससे संबंधित एक वेबसाइट को लॉन्च करने का मौका मिला था। इसके लिए लोगो का चयन भी एक पब्लिक प्रतियोगिता के जरिए किया गया है। उन्होंने कहा कि देश को इस बड़े समारोह की मेजबानी करने का मौका मिला है जिससे सभी का सीना चौड़ा हो गया है। जी२० की वैश्विक जनसंख्या मे दो तिहाई, वैश्विक ट्रेड में तीन चौथाई, वैश्विक जीडीपी में ८५: भागीदारी है। भारत एक दिसंबर से इसकी अध्यक्षता करेगा, जो देश के लिए बड़ा अवसर लेकर आया है। इसका लाभ उठाने के लिए ग्लोबल गुड, वैश्विक कल्याण पर केंद्रित रहना होगा। उन्होंने जी२० समारोह की थीम का जिक्र करते हुए खहा कि वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर की जो थीम दी है उसे वसुधैव कुटुंबकम के लिए हमारी प्रतिबद्धता दिखती है। आगामी दिनों में देश के कई हिस्सों में जी२० से संबंधिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान भारत के कई हिस्सों में दुनिया के अलग अलग देशों से लोग आएंगे। ये मौका है जब राज्य अपनी संस्ंति के विविध और विशिष्ट रंगों को दुनिया के सामने लाएंगे। जी२० में आने वाले लोग डेलिगेट का हिस्सा होंगे और भविष्य के टूरिस्ट भी होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पेस सेक्टर में भारत के बढ़ते कदम का जिक्र करते हुए कहा कि १८ नवंबर को स्पेस सेक्टर में नया




इतिहास बना। भारत ने अपना पहला रॉकेट 'विक्रमएस' अंतरिक्ष में भेजा, जिसे भारत के प्राइवेट सेक्टर ने डिजाइन और तैयार किया था। इस रॉकेट ने श्रीहरिकोटा से उड़ान भरी थी, जो देश का पहला स्वदेशी स्पेस स्टार्टअप था। ये ऐतिहासिक पल था जिसने हर भारतीय का सीना गर्व से ऊंचा किया। ये भारत में चतपअंजमेंचंबम मबजवत के लिए एक नए युग के उदय का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ये देश में आत्मविश्वास से भरे एक नए युग का आरंभ है। उन्होंने कहा कि जो बच्चे कभी कागज के हवाई जहाज बनाकर उड़ाते थे वो अब भारत में ही हवाई जहाज बना सकते है। चांद तारों की ओंतियां बनाने वाले बच्चों को अब भारत में ही रकेट बनाने का अवसर मिल रहा है। युवाओं के ये सपने भी साकार होंगे। रॉकेट बनाने वाले युवाओं को पता है कि भारत स्पेस सेक्टर में आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नेंद्र मोदी ने जहां टेक्नोलॉजी की बात की वहीं उन्होंने इससे संबंधित इनोवेशंस का भी जिक्र किया है। उन्होंने ड्रोन के संबंध में कहा कि भारत ड्रोन के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। हिमाचल प्रदेश के किन्नौर में हाल ही में ड्रोन की मदद से सेब ट्रांसपोर्ट किए गए थे। ड्रोन के क्षेत्र में भी भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स का जिक्र करते हुए कहा कि बीते आठ वर्षों में वाद्य यंत्रों का एक्सपोर्ट बढ़कर तीन गुणा हुआ है। इलेक्ट्रॉनिक म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स का एक्सपोर्ट ६० गुणा बढ़ा है। भारत के लिए गौरव की बात है कि भारतीय संस्कृति और संगीत दुनिया भर में प्रचलित हो रही है। भारत की खुशनसीबी है कि हमारे देश में म्यूजिक, डांस और आर्ट की संस्कृति इतनी समृद्ध है।

# जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने की कलेक्ट्रेट सभागार रैनबसेरों व अलाव के सम्बंध ने महत्वपूर्ण बैठक

लखनऊ। शीत ऋतु के मद्देनजर डीएम सूर्य पाल गंगवार के द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार रैनबसेरों व अलाव के सम्बंध ने एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निमन्वत दिशा निर्देश दिए है। डीएम ने बताया कि शीत ऋतु ष्टिगत अस्थाई रूप से लोगो के रहने की व्यवस्था तथा अलाव जलाने के लिए लकड़ी की व्यवस्था को अभी से सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में तहसीलवार और नगरीय क्षेत्रों में जोनवार अलाव जलाने वाली लकड़ी का पर्याप्त स्टक सुनिश्चित किया जाए। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंद लोगों के लिए गोबर के उपलों की भी व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाए। जिसके लिए गौ आश्रय केंद्रों से समन्वय करते हुए जरूरतमन्द लोगो को जलाने के लिए उपले भी उपलब्ध कराए जाए। उन्होंने उप जिलाधिकारियों को तहसील क्षेत्र में स्थाई व अस्थाई रैनबसेरों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। कहा कि रैनबसेरों के लिए नये भवनों को चिन्हित किया जाए। पुराने सरकारी भवनों में भी रैनबसेरों की व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा भवन का चिन्हाकन करते समय भवन की अवस्था भवन जर्जर तो नही है एवं खान पान, पानी व शौचालय आदि की व्यवस्था को विशेष रूप से सुनिश्चित किया जाए। शीत ऋतु के मद्देनजर जिलाधिकारी द्वारा कड़े निर्देश दिए गए कि निराश्रित लोगो को किसी भी दशा में सड़क पर या खुले में नही सोने दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि हर चौकी



और डायल ११२ को स्थाई एवं अस्थाई रैनबसेरों से लिंक किया जाए ताकि कोई अगर खुले में सोता मिले तो उसको तत्काल रैनबसेरे में पहुँचाया जा सके। डीएम ने कहा कि बहुत सारे लोग रैन बसेरों की जानकारी के अभाव मे भी मजबूरी में सड़कों पर सोते है। जिसके लिए उन्होंने सभी प्रशासनिक अधिकारियो समेत नगर निगम के अफसरों को रैन बसेरों की सूची क्षेत्र की दुकानों, होटलों और थानों पर चस्पा कराने के कड़े निर्देश हैं। डीएम ने रैनबसेरों में कम्युनिटी किचन व अक्षय पात्र के माध्यम से भोजन उपलब्ध करने के साथ ही शाम ६ बजे से सुबह ८ बजे तक कंट्रोल रूम की स्थापना कराने को कहा है। ताकि आमजनमानस द्वारा निराश्रित लोगो को रैनबसेरों में पहुचाया जा सके। जरूरतमन्दों को शीत लहर से बचाने के लिए डीएम की ओर से एक नई मुहीम शुरू की गई। उन्होंने बताया कि समस्त सरकारी अधिकारी एवं कर्मचारी १०–१० पुराने कपड़ों को कपड़ा बैंको में दान करेगे। इसकी शुरुआत शासकीय अधिकारियों व कर्मचारियों के द्वारा की जाएगी। कहा कि,निराश्रित लोगो को किसी भी दशा में सड़क पर या खुले में नही सोने दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि हर चौकी और डायल ११२ को स्थाई एवं अस्थाई रैनबसेरों से लिंक किया जाए ताकि कोई अगर खुले में सोता मिले तो उसको तत्काल रैनबसेरे में पहुँचाया जा सके। हर तहसील व हर ब्लाक पर १–१ कपड़ा बैंक बनाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में कोटेदारो के द्वारा भी दान में लोगो से कपड़े जमा कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर नगर आयुक्त, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त अपर नगर मजिस्ट्रेट, डूडा व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# राहुल गांधी ने कहा कि संघ और बीजेपी गुपचुप तरीके से संविधान को खत्म करना चाहते हैं

नई दिल्ली। ''भारत जोड़ो यात्रा'' के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को आड़े हाथों लेते हुये कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को आरोप लगाया कि संघ और भाजपा देश के संविधान को चोरी–छिपे खत्म करना चाहते हैं।



वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सत्तारूढ़ दल पर 'फूट डालो' की नीति अपनाने का आरोप लगाया। इस यात्रा की अगुवाई कर रहे गांधी, संविधान दिवस पर संविधान निर्माता ड. भीमराव अम्बेडकर की जन्मस्थली महू में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया, संघ और भाजपा में संविधान को सबके सामने खत्म करने का दम नहीं है। इसलिए वे छिपकर संविधान को समाप्त करना चाहते हैं। इसके लिए वे लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभाओं के साथ ही न्यायपालिका, नौकरशाही और मीडिया में अपने लोगों को स्थापित कर रहे हैं। गांधी ने संघ और भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा, वे अम्बेडकर की तस्वीर के आगे हाथ तो जोड़ते हैं, लेकिन उनके बनाए संविधान को चोरी–छिपे खत्म करने की कोशिश भी करते हैं। उन्होंने संघ का नाम लिए बगैर कहा,''हमारे प्यारे तिरंगे को देश के केवल एक संगठन ने अपने कार्यालय पर ५२ साल तक नहीं फहराया।'' कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा,''मेरी दादी (इंदिरा गांधी) को ३२ गोलियां मारकर उनकी हत्या कर दी गई थी। मेरे पिता को बम विस्फोट कर जान से मारा गया था। लेकिन जिस दिन मेरे दिल से डर मिट गया, उस दिन मेरे दिल में बस मोहब्बत रह गई।'' उन्होंने यह भी कहा कि संघ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से वैचारिक लड़ाई के बावजूद उनके मन में संघ और मोदी के लिए जरा भी नफरत नहीं है। जन सभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि संघ तथा भाजपा ''फूट डालो और राज करो'' की नीति के मुताबिक काम कर रहे हैं और मौजूदा सरकार आम्बेडकर के रचे संविधान को खत्म करना चाहती है। उन्होंने ने कहा,''संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए हमें एकजुट होकर लड़ने की जरूरत है। अगर आप (आम नागरिक) ऐसा नहीं करेंगे, तो इस देश में आपको फिर से गुलाम बनकर रहना होगा।

# बस ने छात्रा को मारी टक्कर, बाल–बाल बचा

लखनऊ। परिवहन निगम की बस से शनिवार को बड़ा हादसा होने से बच गया। कैसरबाग बस अड्डे से हरदोई जा रही बस ठाकुरगंज में साइकिल सवार छात्रा को टक्कर मार दी। इस दौरान अनियंत्रित साइकिल बस के पहिये के नीचे आ गई। हालाकि, टक्कर के बाद छात्रा साइकिल से नीटे गिर गया। जिससे उसकी जान बच गई। स्थानीय लोगों ने बस रोककर चालक से मारपीट की। ठाकुरगंज पुलिस ने समझौता कराकर मामले को शांत कराया। पुलिस का कहना है कि किसी पक्ष की तरफ से एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई है।

# युवती को ब्लैकमेल करने वाला गिरफ्तार

लखनऊ। पीजीआई थाना पुलिस ने युवती को ब्लैकमेल करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान इटावा निवासी राहुल उर्फ जितेंद्र के रूप में हुई है। पीजीआई थाना पुलिस को दी शिकायत में वृंदावन कलोनी निवासी २४ वर्षीय युवती ने बताया कि उसकी जितेंद्र से दोस्ती थी। मुलाकात के दौरान आरोपी ने युवती की आपत्तिजनक फोटो हासिल कर ली थी। जिन्हें वायरल करने की धमकी देते हुए युवती पर संबंध बनाने का दबाव डाल रहा था। जिससे तंग होकर युवती आरोपी से दूरी बनाने लगी। परिवार वालों ने युवती का रिश्ता दूसरी जगह तय किया था। इसकी जानकारी मिलने के बाद से राहुल शादी तुड़वाने के लिए प्रयास कर रहा था। जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। वहीं, दूसरी तरफ काकोरी पुलिस ने स्कूल जा रही छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी ऋतिक राजपूत और पवन को दुर्गागंज चौराहे के पास से शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

# बाबा साहब अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय में एनसीसी दिवस समारोह का हुआ आयोजन

लखनऊ। राजधानी के बाबा साहब अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय में एनसीसी दिवस समारोह का आयोजन रविवार को किया गया। इस मौके पर लखनऊ के सभी



विंगों— सेना, नौसेना और वायु सेना— के कैडेटों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया गया गया। एनसीसी निदेशालय की ओर से बीबीएयू के सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अपर महानिदेशक एनसीसी (यूपी) मेजर जनरल संजय पुरी, एसएम, वीएसएम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस मौके पर मुख्य अतिथि को औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया जिसके बाद एनसीसी ग्रुप, लखनऊ के सभी विंगों – सेना, नौसेना और वायु सेना – के कैडेटों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का एक शानदार प्रदर्शन किया गया। नेवल और एयर विंग एनसीसी ने एनसीसी की तकनीकी प्रगति की झलक दिखाते हुए प्रभावशाली एयरो और शिप मॉडल भी प्रदर्शित किए। इस अवसर पर, अपर महानिदेशक ने मेधावी कैडेटों को मुख्यमंत्री स्वर्ण और रजत पदक पुरस्कार और उत्कृष्ट सहयोगी एनसीसी अधिकारियों (एएनओ), बालिका कैडेट प्रशिक्षकों (जीसीआई) और स्थायी प्रशिक्षक स्टाफ (पीआई स्टाफ) को उनकी अनुकरणीय सेवा के लिए सम्मानित किया। अपने संबोधन में, मुख्य अतिथि ने उल्लेख किया कि राष्ट्रीय कैडेट कोर का गठन १९४८ में संसद के एक अधिनियम द्वारा किया गया था और यह दुनिया का सबसे बड़ा वर्दीधारी युवा संगठन है, जिसके लगभग १६ लाख कैडेट पूरे भारत में हैं। एन सी सी न केवल बुनियादी सैन्य विषयों में कैडेटों को प्रशिक्षित करता है बल्कि युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व, सामुदायिक सेवा और सांस्कृतिक और साहसिक गतिविधियों के प्रति प्रोत्साहन के गुणों को विकसित करने में भी मार्गदर्शन करता है। एडीजी ने यूपी एनसीसी निदेशालय को सहयोग देने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं प्रमुख सचिव माध्यमिक शिक्षा दीपक कुमार के प्रति भी आभार व्यक्त किया। एनसीसी युवा सशक्तिकरण और राष्ट्र निर्माण की दिशा में युवाओं की ऊर्जा को चौनलाइज करने का एक महत्वपूर्ण साधन है। पिछले साल, हमारे प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, खुद गुजरात एनसीसी निदेशालय के एनसीसी कैडेट थे, के निर्देश पर सीमा और तटीय क्षेत्रों से अतिरिक्त एक लाख कैडेटों को शामिल करने के लिए एन सी सी का विस्तार किया गया था।

# बिजनेस पार्टनर्स ने चाकू से हमला कर व्यापारी को किया लहूलुहान

लखनऊ। गाजीपुर कोतवाली क्षेत्र में मेडिकल इक्विपमेंट के व्यापारी को उसी के बिजनेस पार्टनर्स ने चाकू से हमला कर लहूलुहान कर दिया। मामले को लेकर इंदिरा नगर निवासी पंकज अस्थाना ने गाजीपुर कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई है। घटना गत २५ नवंबर को शाम ७:०० बजे के आसपास की बताई जा रही है। मामले की जानकारी देते हुए गाजीपुर कोतवाली प्रभारी मनोज मिश्र ने बताया कि पूर्व में पंकज अस्थाना अनिकेत श्रीवास्तव नामक व्यक्ति के साथ मिलकर मेडिकल इक्विपमेंट का काम करते थे। पर आपसी विवाद के चलते पंकज ने अनिकेत के साथ व्यापार करने से मना कर दिया। इसी विवाद को लेकर अनिकेत के मित्र दिव्यांश ने पंकज से संपर्क किया। बातचीत के क्रम में पंकज के दिव्यांश से व्यापार को लेकर संबंध बनने लगे। पंकज का आरोप है कि गत २५ नवंबर को दिव्यांश व उसके साथी अभिषेक और साहिल उसके घर आए और शराब पीने लगे। आरोपियों ने पंकज को भी शराब पीने के लिए दबाव दिया तो उसने मना कर दिया। इस पर तीनों ने पंकज पर चाकू से हमला कर दिया। पंकज को लहूलुहान करके तीनों आरोपी मौके से भाग निकले। हमले में पंकज के गले व हाथ पर गंभीर चोटें आई हैं। इंस्पेक्टर मनोज मिश्र ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# मोबाइल की लत के चलते वह छत से नीचे गिरा

बहराइच। खैरी गांव निवासी एक किशोर दिन भर मोबाइल देखता है। मोबाइल की लत के चलते वह छत से नीचे गिर गया। गंभीर हालत में उसे सीएचसी से जिला अस्पताल रेफरकर दिया गया है। विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम खैरी निवासी १६ वर्षीय गुलशन पुत्र रामशंकर दिन भर मोबाइल चलाता है। शनिवार रात में वह परिवार से छिपकर छत पर मोबाइल चला रहा था। मोबाइल देखते हुए किशोर पीछे चलने लगा। तभी अनियंत्रित होकर नीचे गिर गया। परिवार के लोग उसे सीएचसी ले गए। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। मेडिकल कालेज के डॉक्टर भरत पांडेय ने बताया कि युवक के सिर में गंभीर चोट आई है।

# सहायक अभियंता से ३४.३५ लाख हड़प कर रिटेल कंपनी फरार

लखनऊ। लिखित शिकायत में आशुतोष ने बताया कि एल्डिको तिराहे पर स्थित अपने मकान के भूतल पर स्थित दुकान के लिए मेसर्स टिक बास्केट रिटेल प्राइवेट लिमिटेड से फ्रेंचाइजी को लेकर १५ फरवरी २०२१ को ५ वर्ष के लिए अनुबंध हुआ था। जिसके लिए कंपनी को ५० हजार रजिस्ट्रेशन शुल्क, ५० हजार सफ्टवेयर उपलब्ध कराने के लिए और २६ लाख रुपए रिटेल सामग्रियों उपलब्ध कराने के लिए चेक से भुगतान किए गए थे। इसके बदले कंपनी को उन्हें प्रतिमाह एक लाख १७ हजार रुपए प्रतिमाह भुगतान करना था। पर कंपनी के निदेशक प्रदीप कुमार ने मार्च से लेकर सितंबर २०२१ तक टीडीएस काटकर सर्च चार लाख ८० हजार ५० रुपए का ही भुगतान किया। शेष ३४ लाख ३५ हजार ४० रुपए का भुगतान नहीं किया। बकौल आशुतोष, इसी बीच प्रदीप ने बिना बकाया भुगतान अदा किए अपनी दुकान का सारा सामान चोरी छुपे निकाल लिया और अपनी दुकान गोमती नगर में स्थानांतरित कर ली। जब आशुतोष ने बकाया पैसे मांगे तो वह टालमटोल करने लगा। दबाव डालने पर प्रदीप ने जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया। चिनहट कोतवाली प्रभारी तेज बहादुर सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# धोखाधड़ी कर बुजुर्ग की लिखवाई जमीन

लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में एक वृद्ध महिला से कुछ जालसाजों ने धोखाधडी कर जमीन लिखवा




ली। मामले की जानकारी होने पर पीड़िता ने जालसाजों के खिलाफ धोखाधडी का मुकदमा दर्ज कराया है। थाना बिजनौर के माती का मजरा बलवंत खेड़ा निवासी विशंभर दयाल की पत्नी कृष्णा कुमारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह पढ़ी लिखी नहीं हैं। ३ जून २०२२ को अमरीश कुमार यादव निवासी कमलापुर अपने पिता अशोक यादव के साथ यह कह करके उन्हें साथ ले गया था कि तुम्हारी वृद्धा पेंशन बनवा देता हूं। जिन्होंने धोखे से मेरे हिस्से की जमीन का बैनामा करा लिया। जब विमल कुमार जमीन पर कब्जा करने लगे तब पीड़िता ने रोका। जिसके बाद मामले की जानकारी हुई।

# पुलिस ने पांच छात्रों को हिरासत में लेकर कई घंटे पूछताछ के बाद छोड़ा

लखनऊ। विभूतिखंड थाना क्षेत्र में एलपीएस के १२वीं के छात्र पुनीत तिवारी उर्फ अंश की हत्या दो छात्र गुटों के वर्चस्व को लेकर हुई थी। पुलिस ने रविवार को पांच छात्रों को हिरासत में लेकर कई घंटे पूछताछ के बाद छोड़ दिया। जबकि, तीन आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर जांच तेज कर दी है। वहीं, पोस्टमार्टम में मौत के कारणों का स्पस्ट पता न चलने पर पुलिस पूरी तरह से उलझ गई है। विसरा सुरक्षित कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। जानकारी अनुसार मृतक अंश के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने माउंट रयल स्कूल में इंटर में पढ़ने वाले शिवम, सिमरा स्थित आरवी पब्लिक स्कूल के इंटर के छात्र श्वाशत और अभय सिंह के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। इसमें से एक आरोपी के पिता डीजी को–आपरेटिव सेल जीएल मीणा के फलोवर हैं। वहीं, पुलिस की प्राथमिक जांच में सामने आया कि विवाद वर्चस्व को लेकर हुआ था। मौत से पहले अंश ने अपने पिता से कहा था कि वह किसी से लड़ाई नहीं करना चाहता। बावजूद, अगर कोई उससे उलझेगा तो वो भी उसे नहीं छोड़ेगा। वहीं, छात्र की मौत के बाद मां का रो–रोकर बुरा हाल है। मां ने कहा कि हत्यारोपियों को एक अधि



कारी बचा रहा है। पुलिस शांत क्यों है। मुझे बस न्याय चाहिए। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंं दिया। परिजनों ने शव को लेकर पैतृक गांव गौंडा करनैलगंज के गांव रुदौलिया ले गए। जहां उसका अंतिम संस्कार किया जाएगा। गौरतलब हो कि बीते शनिवार दोपहर को कठौता एलपीएस के १२वीं का छात्र पुनीत तिवारी उर्फ अंश विभव खंड में रायल माउंट एकेडमी के बाहर दोस्त के साथ खड़ा था। स्कूल की छुट्टी होते ही अचानक छात्रों के दो गुटों में भिड़ंत हो गई। इस दौरान एक गुट ने अंश को पीट–पीटकर मार डाला। अंश के साथी उसे लोहिया अस्पताल लेकर गए, जहां डक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। विजिलेंस इंस्पेक्टर विजय यादव के अनुसार वह शोर सुनकर घर से निकले। घर के बाहर कुछ छात्र एक लड़के पर घरों के बाहर रखे गमले से हमला कर रहे थे। इसके बाद वो भागने लगे। उनके पीछे पिटने वाला छात्र भी भागा, लेकिन कुछ दूर जाकर वो बालू पर गिर पड़ा। डीसीपी ईस्ट प्राची सिंह के मुताबिक, परिजनों की शिकायत पर आरोपी छात्र अभय, शिवम और शाश्वत पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। तीनों इंटर के छात्र हैं। शनिवार को दो आरोपियों समेत पांच को हिरासत में लेकर कई घंटे पूछताछ के बाद छोड़ द दिया गया। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# आधार कार्ड अपडेट के लिए चलाएं जागरुकता कार्यक्रम : मुख्य सचिव

लखनऊ। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि जिले में आधार सम्बन्धी गतिविधियों की निगरानी और क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय आधार अनुश्रवण समिति का गठन किया गया है, इसकी नियमित बैठक आयोजित की जाएं। प्रदेश के सभी जिलों में १० वर्ष या उससे पहले बने आधार जिनमें एक बार भी अपडेशन नहीं हुआ है, निवासियों को प्रूफ अफ आइडेंटिटी (पीओआई) एवं प्रूफ अफ एड्रेस (पीओए) दस्तावेजों को अपडेट कराने के लिए जागरुकता कार्यक्रमों को आयोजित करें।मुख्य सचिव शनिवार को राज्य स्तरीय डीबीटी एवं आधार एडवाइजरी समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में आधार वैलिडेशन की प्रगति एवं परिवार आईडी. योजना के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में अपर मुख्य सचिव नियुक्ति देवेश चतुर्वेदी, प्रमुख सचिव समाज कल्याण ड. हरिओम, सचिव नियोजन आलोक कुमार भी मौजूद थे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस पर पहुंचे जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार

लखनऊ। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर शनिवार को जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार



सरोजनीनगर तहसील पहुंचे। लोगों ने विभिन्न समस्या जैसे सीवर, सड़क, स्वच्छता, जमीन विवाद, बंटवारा संबंधित मामलों को लेकर अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। जिलाधिकारी ने लोगों की पूरी बातें सुनी और जल्द ही समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में आने वाली सभी प्रकरणों को सुनकर अधिकारी तत्काल समाधान करें। जो मामलों के निस्तारण हो चुके हैं, उसके सत्यापन के लिए अधिकारी फोन कर शिकायतकर्ताओं से फीडबैक अवश्य लें। सरोजनीनगर तहसील के अधिकारियों से कहा कि प्रशासन जिन मामलों का निस्तारण करने की स्थिति हैं, उसमें विलम्ब ना किया जाये। जिससे जो भी व्यक्ति अपनी शिकायत करता है, या याचिकाकर्ता अपने मामले में तत्काल निस्तारण चाहता है, उसे अपनी ओर से विलम्ब ना झेलना पड़े।

## कार सवार दबंगों ने ढाबे पर की मारपीट

बाराबंकी। भिटरिया मार्ग पर मालनपुर के पास बने संगम ढाबा पर नशे में धुत अराजक तत्वों ने जमकर हंगामा काटा। ढाबे पर रखी कुर्सियां तोड़ डाली। तख्ता पलट दिया खाना उठा कर फेंक दिया। होटल संचालकों के साथ जमकर मारपीट की। इन युवकों का हंगामा लगभग १ घंटे तक चलता रहा। इस दौरान हाइवे पर गश्त करने वाली पुलिस का कहीं अता पता नहीं रहा। शनिवार की रात करीब नौ बजे कार से ढाबे पहुंचे छह युवकों ने नींबू पानी मांगा। उपलब्ध न होने पर ढाबा संचालक अनुज तिवारी का भतीजा रमाकांत तिवारी, शिवाकांत तिवारी व कारीगर बबलू की लाठी–डंडों से पिटाई कर दी। और सोने की चेन व पर्स में रखे करीब दस हजार रुपये छीनकर भाग गए। पिटाई से रमाकांत, शिवाकांत व बबलू के मुंह और हाथों में चोटे आई है। ढाबा संचालक ने थानें में गौरा गांव के इंद्रमोहन मिश्रा, अनूप मिश्रा व चौबे का पुरवा गांव के गुड्डू त्रिवेदी के विरुद्ध नामजद तहरीर दी है और कार्रवाई की मांग की है। हैदरगढ़ कोतवाल अजय त्रिपाठी ने बताया कि गुड्डू त्रिवेदी को पकड़ लिया गया है। बाकी युवकों की तलाश की जा रही है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में बीकॉम के छात्र ने लगाया फंदा

लखनऊ। ठाकुरगंज थाना क्षेत्र में बीकॉम के छात्र ने फंदा लगाकर जान दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस को घटना स्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस के अनुसार पक्का बाग निवासी राजू गुप्ता शुक्रवार रात परिवार सहित शादी समारोह में गए थे।उनका बेटा विकास गुप्ता (२२) घर पर अकेला था। वह जब देर रात घर लौटकर आवाज लगाई तो किसी न दरवाजा नहीं खोला। काफी समय आवाज देने के बाद दरवाजा तोड़ कर अंदर गए तो बेटे का शव कमरे में पंखे के कुंडे से गमछे के फंदे के सहारे लटका था। हालाकि, अभी आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है।


हमारे अन्य प्रतिनिधि
संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370
प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली
विधिक सलाहकार
सुरेश नारायण मिश्र
क्षेत्रीय सम्पादक
सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289
मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ


## अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' में काम करेंगी मानुषी छिल्लर !

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री मानुषी छिल्लर फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में काम करती नजर आ सकती है। पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले



बन रही फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' एक एक्शन–थ्रिलर फिल्म है, जिसमें अक्षय कुमार और टाइगर श्राफ की मुख्य भूमिका है। फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर कर रहे हैं। चर्चा है कि इस फिल्म में मानुषी छिल्व की एंट्री हो गई है।फिल्म में तीन फीमेल लीड एक्ट्रेस होंगी और मेकर्स ने मानुषी छिल्लर को तीन में से एक रोल के लिए चुना है। फिल्म श्बड़े मियां छोटे मियांश की १५ जनवरी, २०२३ से भारत में शूटिंग शुरू होने की उम्मीद है। इसके बाद फिल्म का इंटरनेशनल शेड्यूल शुरू होगा। इस फिल्म की शूटिंग भारत के साथ ही यूरोप और यूएई में भी की जाएगी। फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' को पांच भाषाओं हिंदी, तेलुगू, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज किया जाएगा।

## नहीं रहे वरिष्ठ अभिनेता विक्रम गोखले

पुणे। वरिष्ठ अभिनेता विक्रम गोखले का शनिवार को निधन हो गया। वह अब तक वेंटिलेंटर पर थे। अभिनेता गोखले (७७) का दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में कई स्वास्थ्य दिक्कतों के कारण इलाज किया जा रहा था। अस्पताल के प्रवक्ता शिरीष यादकिकर ने बताया था कि जानेमाने अभिनेता विक्रम गोखले वेंटिलेंटर पर थे और उनका स्वास्थ्य पहले से थोड़ा खराब हुआ था। उनका रक्तचाप सामान्य रखने के लिए उन्हें दवाएं दी जा रही थीं। अभिनेता के एक पारिवारिक मित्र ने बताया कि उनके पार्थिव शरीर को शहर के बालगंधर्व सभागार में रखा जाएगा और उनका अंतिम संस्कार शाम को बैकुंठ शमशान घाट में किया जाएगा। रंगमंच, टेलीविजन और फिल्मों में अभिनय करने वाले गोखले अमिताभ बच्चन अभिनीत 'अग्निपथ' (१९९०), 'हम दिल दे चुके सनम' (१९९९), 'भूल भुलैया' (२००७), 'नटसम्राट' (२०१५) और 'मिशन मंगल' (२०१९) सहित कई मराठी और बॉलीवुड फिल्मों में अभिनय कर चुके थे। उनकी हाल में रिलीज मराठी फिल्म 'गोदावरी' है। बता दें, हिंदी सिनेमा से विक्रम



गोखले के परिवार का काफी पुराना ताल्लुक है। उनकी ग्रेट ग्रैंड मदर हिंदी सिनेमा की पहली भारतीय आर्टिस्ट थी और इतना ही नहीं कहा तो ये भी जा रहा है कि उनकी दादी ने हिंदी सिनेमा में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट डेब्यू किया था, जिसका डायेरक्शन इंडियन सिनेमा के पिता माने जाने वाले दादा साहेब फाल्के ने किया था। उनके पिता चंद्रकांत गोखले ने भी ५० से ज्यादा मराठी फिल्मों में काम किया था।


स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा साईं आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
आर.एन.आई
UPHIN/2010/32566



सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178
Email-
adbhutsamachar@yahoo.in
adbhut_samachar@rediffmail.com



सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।


## अब रूस में धमाल मचाने के लिए तैयार फिल्म पुष्पा द राइज

मुंबई। दक्षिण भारतीय अभिनेता अल्लू अर्जुन की सुपरहिट फिल्म पुष्पा द राइज अब रूस में रिलीज होगी। अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पारू द राइज अब रूस में रिलीज होने के लिए तैयार है। सुकुमार के निर्देशन में बनी श्पुष्पःद राइजश २०२१ में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की अहम भूमिका है। आपको बता दें फिल्म ने तमिल, तेलुगू ही नहीं हिंदी में भी शानदार प्रदर्शन किया है। बक्स अफिस पर मिली सफलता के बाद से ही दर्शक फिल्म के दूसरे पार्ट का इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म की कहानी, सितारों के अभिनय के अलावा गानों को भी दर्शकों ने काफी पसंद किया है। वहीं अब यह फिल्म रूस में रिलीज होने के लिए तैयार है। इसे लेकर फिल्म के अल्लू अर्जुन भी काफी उत्सुक है। पुष्पा द राइज रूस में दिसंबर



२०२२ में रिलीज होगी। इस फिल्म के प्रचार के लिए अल्लू अर्जुन अगले सप्ताह रूस जाने की तैयारी कर रहे हैं। वहीं इस फिल्म का अगला भाग पुष्पा द रूल जल्द रिलीज होने वाला है। इस फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो गई है।

## क्षीण हो रहा पंथनिरपेक्षता का संकल्प : अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने 'संविधान दिवसश की शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि संक्रमण काल से गुजर रहे हमारे देश में संवैधानिक संस्थाएं लगातार कमजोर होती जा रही हैं। व्यक्ति की स्वतंत्रता का अपहरण हो रहा है। पंथनिरपेक्षता का संकल्प दिन–प्रतिदिन क्षीण होता जा रहा है। यह भारत के संविधान की उद्देशिका को भूलने का प्रयास तो नहीं है? शनिवार को जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि लोकशाही को बचाने के लिए तानाशाही प्रवृत्तियों पर अंकुश लगाना आवश्यक है। ऐसी ताकतें, जो राजनीतिक दल के रूप में भारतीय संविधान की मूलभावनाओं को कुचलने में लगी हैं, उनके खिलाफ जनमानस को खुद के अधिकारों के प्रति सजग करना होगा।


समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक